





## लग्जरी कार में 25 पेटी शराब की तस्करी कर रहा 1 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 अक्टूबर।** लक्जरी एक्सयूवी-500 कार में शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को नूराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार से देशी शराब की 25

**मुखबिर की सूचना पर नूराबाद पुलिस ने की कार्रवाई**

पेटियां जब्त की गईं है। शराब का बाजारू मूल्य 1 लाख रूपये आंका जा रहा है। पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार नूराबाद थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी को 19 अक्टूबर को मुखबिर ने शराब के अवैध परिवहन की सूचना दी। पुलिस टीम ने एनएच-44 हाईवे पर कृषि अनुसंधान केन्द्र के पास चैक पॉइंट लगाया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने सफेद रंग की एसक्यूवी-500 कार क्रं. एमपी07-सीएफ-7866 को पकड़ा। तलाशी के दौरान कार से देशी शराब की 25 पेटियां बरामद की गई। पुलिस ने कार में सवार एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब सहित कार को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में एसआई सौरभ पुरी, प्र.आरक्षक विक्रम सिंह, आरक्षक रवि कुमार, केशव, सुरेन्द्र, आशीष, गोपेश तोमर शामिल थे।




# दीपावली आज, घर-घर जगमगाए खुशियों के दीप

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 अक्टूबर।** दीपों का त्यौहार दीपावली आज सोमवार

**आज मनेगा महालक्ष्मी की आराधना व समृद्धि का त्यौहार**

को अंचल में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। हालांकि लोगों ने त्यौहार की सारी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थी, किंतु आवश्यक सामान की खरीददारी के लिए रविवार को भी बाजारों में खासी भीड़ देखी गई। रेडीमेड वस्त्रों की खरीददारी में महिलाओं व बच्चों का विशेष उत्साह देखने को मिला। रोशनी के पर्व दीपावली के त्यौहार पर महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए लोगों ने अपने-अपने घरों की रंगाई-पुताई कर रोशनी से जगमग कर दिया है।

सोमवार को दीपावली के अवसर पर लोग अपने-अपने घरों में सुख-समृद्धि और धन की देवी महालक्ष्मी का पूजन कर उनको प्रसन्न करने का प्रयत्न करेगें। रविवार को सबसे ज्यादा भीड़ कपड़े की दुकानों व पटाखा बाजार में देखने को मिली। कमोबेश यही हाल जिले के सभी तहसीलों में देखा गया। आज दीपावली के अवसर पर प्रत्येक घर में लक्ष्मी पूजन के साथ सुख व समृद्धि के त्यौहार को उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

**छोटी दीवाली पर बाजारों में उमड़ी भीड़ :** दीपावली से पूर्व रविवार को छोटी दीवाली रूप चर्तुदशी के दिन शहर के बाजारों में खरीददारों की भारी भीड़ देखने को मिली। मां लक्ष्मी की पूजा करने के सामान की खरीददारी करने को लोगों का जैसा सैलाब उमड़ा पड़ा। घरों की साज-सज्जा सहित मिठाईयों की दुकानों पर रविवार की शाम से ही खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ती देखी गई।

**साढ़े तीन दिन का लीला मेला 22 अक्टूबर को शुरू होगा**

दीपावली के दूसरे दिन पड़वा से प्रख्यात मुरैनागांव स्थित दाऊजी मंदिर पर पारंपरिक लीला मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार ज्योतिषियों द्वारा तिथि भेद बताए जाने के कारण लीला मेले का आयोजन दीपावली के तीसरे दिन 22 अक्टूबर से होगा। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार पड़वा के दिन यहां द्वारिकाधीश के रूप में भगवान श्रीकृष्ण मुरैनागांव पहुंचते है, जो साढ़े तीन दिनों तक यहां रहते हैं। लीला मेले का आयोजन पड़वा से लगातार पांच दिनों तक होता है। इस दौरान मेले में शहर सहित ग्रामीण अंचलों से प्रतिदिन भारी भीड़ उमड़ती है।

## दीवाली पर घर आए मजदूर ने साढू के घर में फांसी लगाई, मौत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 अक्टूबर।** सिहौनिया थाना क्षेत्र की गोपी पंचायत के मजरा छत्त का पुरा में साढू के घर पहुंचें एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक दिल्ली में

**सिहौनिया क्षेत्र के ग्राम छत्त का पुरा में शनिवार की देर रात हुई घटना**

रहकर मजदूरी किया करता था। कुछ दिन पहले ही दीपावली का त्यौहार मनाने अपने गांव चंद्रहंस का पुरा आया था।



जानकारी के अनुसार अंबाह क्षेत्र की अम्लिहेड़ा पंचायत के मजरा चंद्रहंस का पुरा में रहने वाला रुस्तम सिंह सखवार 28 पुत्र सरमनलाल सखवार दिल्ली में मजदूरी का काम किया करता था। रुस्तम कुछ दिन पहले ही दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए अपने गांव आया था। 18 अक्टूबर को रुस्तम सिहौनिया क्षेत्र के ग्राम छत्त का पुरा में रहने वाले अपने साढू के घर पहुंचा। देर रात को रुस्तम ने साढू के घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने के बाद सिहौनिया पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अमर शहीदों के सम्मान में संग्रहालय पर किया दीपदान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 अक्टूबर।** पंच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के अवसर पर विस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर अशिक्षा,

**जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित**



असमानता के अंधकार को मिटाने, समाज की प्रगति और वीर शहीदों के सम्मान में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजन में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी संस्थाओं सहित प्रबुद्धजनों ने शहीदों के सम्मान में दीया जलाया साथ ही अशिक्षा, असमानता को मिटाने, राष्ट्र की एकता अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने वीर शहीदों को दीपांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दीपावली, भारत में मनाया जाने वाला सबसे पावन पर्व है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देता है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देना है, बल्कि समाज में अशिक्षा, असमानता, और अंधकार को दूर करने के संकल्प को भी प्रकट करना है। अध्यक्ष डॉ. सिकरवार ने कहा कि दीपावली का एक और उद्देश्य है समाज में फैली अशिक्षा के अंधकार को मिटाने का संकल्प। शिक्षा ही वह प्रकाश है जो हर प्रकार के अज्ञान को दूर कर सकता है। आज भी हमारे समाज में कई बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। इस अवसर पर हम यह संकल्प लें कि समाज में हर व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले, ताकि हर एक व्यक्ति प्रगति की राह पर आगे बढ़ सके और समाज को एक बेहतर भविष्य की ओर ले जा सके। हमारा देश विभिन्न जाति, धर्म, संस्कृति, और भाषाओं का संगम है। इस अवसर पर हम सभी भारतीयों को यह संदेश देंगे कि भले ही हम विभिन्नता में हैं, लेकिन हमारी एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़े रखती है। हम अपने देश की विविधता को एक सुंदर आभूषण के रूप में देखते हैं और इसे बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर डॉ. नरेश सिंह सिकरवार, विमलेश यादव, रामबरन सिंह पायथा, जगदीश शर्मा, कमलेश शर्मा, राकेश शर्मा, डॉ हरेन्द्र तोमर, रघुराज परमार, रामावतार सिंह चम्बल, सतंजय मिश्रा, रूपसिंह, नरेंद्र सिंह सिकरवार, तिलक सिंह, विनोद सिकरवार, सत्यव्रत उपाध्याय, गिरीश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रामबरन शर्मा, मंगल सिंह मौर्य, समाजसेवी, प्रबुद्धजन सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## दीपोत्सव पर सम्मान के सच्चे हकदार हैं सफाई सैनिक : अखिल



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 19 अक्टूबर।** नगरपालिका परिषद जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने कहा कि दिन-रात मेहनत कर नगर को स्वच्छ बनाए रखने वाले हमारे सफाई सैनिक ही दीपोत्सव पर्व पर सम्मान के सच्चे हकदार है।

**नपाध्यक्ष जौरा ने मिष्ठान्न वितरण कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं**

उनके प्रयासों से ही जौरा नगरपालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण के सर्वे में मप्र में टॉप-5 में शामिल किया गया है।

नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी, रविवार को सफाई कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके द्वारा सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर मिष्ठान्न वितरित कर दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं दीं गईं। इस कार्यक्रम का संचालन नपा सीएमओ वीरेन्द्र सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर इंजीनियर मोक्ष माहेश्वरी, आकाश त्यागी, डॉ. दिशा माहेश्वरी, स्वच्छता पर्यवेक्षक महेशचंद्र त्यागी सहित नगरपालिका की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी व कर्मचारीगण एवं पार्षदगण शिवदयाल सिंह गौर, विनोद रावत, रंजना त्यागी, संगीता वर्मा, बनवारीलाल फौजी, वीरबल सिंह जाटव, कदम सिंह कुशवाह, सुनील शर्मा, विनोद शर्मा, सुरक्षा जाटव, सुनीता जाटव, कालिंदी शर्मा उपस्थित थे।

## महादेव नाका मार्केट में 6 दुकानों से लिए मावा के सेम्पल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 अक्टूबर।** मिलावट रोकने चलाए जा रहे अभियान के तहत 19 अक्टूबर को

**छोटी बजरिया में तीन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, लिए नमूने**

तहसीलदार सीताराम वर्मा के नेतृत्व में फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने मुरैना शहर में महादेव नाका स्थित मावा मार्केट और छोटी बजरिया में सैंपलिंग की कार्रवाई की। मावा मार्केट में 6 प्रतिष्ठानों से मावा के सैंपल लिए गए है। तो वहीं छोटी बजरिया में तीन प्रतिष्ठानों से नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे है।



तहसीलदार सीताराम वर्मा, एफएसओ अवनीश गुप्ता और राजस्व विभाग की टीम रविवार की दोपहर महादेव नाका स्थित मावा मार्केट पहुंचीं। जहां टीम ने अग्रवाल मावा भंडार प्रो. राजेन्द्र अग्रवाल, गुप्ता मावा भंडार प्रो. नत्थीलाल गुप्ता, श्रीदेवनारायण दुग्ध डेयरी प्रो. लालसिंह गुर्जर, भोलेनाथ मावा भंडार प्रो. मुन्नालाल अग्रवाल, जैन मावा भंडार प्रो. सचिन जैन और उदयवीर सिंह राजौरिया की दुकानों से मावा के सैंपल लिए। यहां कार्रवाई करने के बाद टीम छोटी बजरिया पहुंचीं।

यहां टीम ने माहेश्वरी ट्रेडिंग कंपनी से कांटीनेटल सॉस का सैंपल लिया। इसी क्रम में कैलाशचंद्र अग्रवाल की दुकान से श्रीकृष्णा गुलाब जामुन मिक्स और जैन एजेंसी से श्री पारस गुलाब जामुन मिक्स का सैंपल लिया गया। सभी सैंपलों को जांच के लिए भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

## दारोगा से की हाथापाई पिस्टल छीनने की कोशिश

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** झांसी रोड थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर व उनकी टीम के साथ हाथापाई करने और सरकारी पिस्टल छीनने के प्रयास का मामला सामने आया है। झांसी रोड थाने की टीम झांसी में एक आरोपी को पकड़ने हुई। गई थी, उस समय यह वारदात झांसी पुलिस ने मामला कायम कर लिया है और जांच शुरु कर दी है। थाने प्रकाशचंद चौहान झांसी रोड - में एसआई हैं। वह अपनी टीम के साथ प्राइवेट वाहन से झांसी में रवि कुशवाह को पकड़ने गए थे। रवि कुशवाह के खिलाफ झांसी रोड थाने में अस्पताल से जबरन सामान भरकर ले जाने का मामला दर्ज है। रवि कुशवाह के बयान लेने के लिए पुलिस ने पहले नोटिस जारी कर बुलाया था, लेकिन वह नहीं आया तो फिर पुलिस टीम झांसी उसे पकड़ने गई थी। झांसी में सब इंस्पेक्टर प्रकाशचंद चौहान व उनकी टीम के साथ रवि कुशवाह, उसके भाई हरगोविंद कुशवाह तथा रवि कुशवाह की पत्नी ने झूमाझटकी कर दी। एसआई प्रकाशचंद चौहान की सरकारी पिस्टल छीनने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस टीम ने जैसे तैसे अपने आप को बचाया और पिस्टल भी बचा ली। इसके बाद वह थाने गए और आरोपी द्वारा झूमा-झटकी करने तथा पिस्टल छीनने का मामला कायम कराया।

**इस बात पर है विवाद :** रवि कुशवाह निवासी झांसी ने झांसी रोड थाना क्षेत्र में श्रीजी अस्पताल को राजेन्द्र भार्गव को किराए पर चलाने के लिए दिया हुआ है। एग्रीमेंट के अनुसार 2 लाख रुपए किराया अदा करना था जो राजेन्द्र भार्गव ने नहीं दिए। रवि कुशवाह के पास एग्रीमेंट के हिसाब से रुपए नहीं पहुंचे तो वह पिछले दिनों अपने साथियों के साथ झांसी से आया और अस्पताल का सामान भरकर ले गया। इसकी शिकायत झांसी रोड थाने में दर्ज है।

## आत्मा रूपी दीपक को जलाने का पर्व है दीपावली : कृष्णा दीदी



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 19 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र मुरैना मुड़ियाखेड़ा में रविवार को दीपोत्सव पर्व मनाया गया। जिसमें पोरसा सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताया।

उन्होंने कहा कि दीपावली जागती ज्योत परमपिता परमात्मा शिव द्वारा आत्माओं की ज्योति प्रज्वलित कर विश्व परिवर्तन के संस्मरण का यादगार पर्व है। दीदी ने कहा कि दीपावली पर घरों की सफाई करते हैं, दीपक जलाते हैं, माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, नया खाता शुरू करते हैं। निश्चित रूप से इन सभी परंपराओं एवं प्रथाओं के पीछे एक सुंदर आध्यात्मिक रहस्य छुपा है, कार्तिक मास की अमावस्या के गहन अंधकार में प्रकाश पर्व दीपावली मनाने का स्पष्ट संदेश है कि काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार के अज्ञानता रूपी अंधकार में भटकते मनुष्य को ज्ञान के प्रकाश की जरूरत है।

साफ-सफाई का रहस्य मन, वचन, कर्म की पवित्रता है, नया खाता आरंभ करने का अर्थ है। अपने पुराने विकारों का खाता परमात्मा की याद से खत्म कर नए जीवन का आरंभ करनाए दीपक जलाने का अर्थ है परम ज्योति परमात्मा शिव पिता से आत्मा रूपी दीपक को सदा के लिए ज्योतिर्मय कर लेना, जिसके पावन प्रकाश से संपूर्ण विश्व आलोकित हो जाये। माता लक्ष्मी को स्वच्छता अति प्रिय है इसीलि, वह हमारे पास आती हैं तो क्यों न हम मन, वचन, कर्म की पवित्रता सदा के लिए धारण कर लें, जिससे माता लक्ष्मी की सदा हम पर कृपा बनी रहे। इस दीपावली पर हम मन-वचन और कर्म की पवित्रता का व्रत लेकर संपूर्ण विश्व में सद्भावना, शुभकामना एवं सद्ज्ञान का प्रकाश फैलाने का संकल्प कर सच्ची दिवाली मनायें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाई-बहन उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर दीपोत्सव का पर्व मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

## अलग-अलग स्थानों से बाइक ले गए चोर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** शहर में अलग-अलग स्थानों से बदमाश तीन बाइक चोरी कर ले गए। त्योहारी भीड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मुरार, कंपू तथा झांसी रोड थाने में पुलिस ने मामले दर्ज

**त्योहार की भीड़ का फायदा उठा रहे बदमाश**

कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

घोसीपुरा बारादरी मुरार में किराए के मकान में रहने वाले आदित्य सिंह कुशवाह पुत्र अजब सिंह कुशवाह सदर बाजार में गणेश मंदिर में दर्शन करने गए थे। आदित्य ने अपनी स्पोर्ट्स बाइक मंदिर के बाहर खड़ी कर दी और जब दर्शन करके वापस आए तो पता चला कि बाइक वहां नहीं है जहां खड़ी की थी। पूछताछ करने पर जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो वह मुरार थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। वहीं ललितपुर कॉलोनी में रहने वाले गणेश प्रजापति पुत्र सीताराम प्रजापति की बाइक नम्बर एमपी 07 एनक्यू-1723 उस समय चोरी हो गई जब वह चेतकपुरी स्थित ऑफिस में गए थे। चेतकपुरी में वैष्णवी इंटरप्राइजेज ऑफिस के बाहर से अज्ञात चोर गणेश की बाइक चोरी कर ले गया। बाइक चोरी की तीसरी घटना कंपू थाना क्षेत्र के 14वीं बटालियन गेट के पास हुई। कामेश कुशवाह पुत्र गुलाब सिंह कुशवाह महेशपुरा में रहते हैं। कामेश कुछ काम से बटालियन तक गए थे और उन्होंने अपनी बाइक नम्बर एमपी 07 एनएच-9457 को गेट के पास खड़ा कर दिया था। काम समाप्त करके जब वापस आए तो देखा कि बाइक नहीं है। वह सीधे कंपू थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी बात बताई।